दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 04/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव को लेकर आज मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित करेगा। अठारह मई तक स्वीकार किये जायेंगे दावा–आपत्ति।

02. पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी। दोपहर तक शुरूआती रूझान मिलने का अनुमान।

03. भारत ने लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति खारिज करते हुये इसे अनुचित बताया।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, मधुबनी और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की। किशनगंज में भारी बारिश का अलर्ट।

———————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग आज पंचायत चुनाव को लेकर प्रपत्र–एक का प्रारूप प्रकाशित करेगा। आयोग के अनुसर आज से अठारह मई तक दावा–आपत्ति स्वीकार किये जायेंगे। आपत्तियों का निष्पादन बाईस मई तक किया जायेगा जबकि अपील वादों के निष्पादन के लिए ग्यारह मई से उनतीस मई की तिथि निर्धारित की गयी है। प्रपत्र एक का अंतिम प्रकाशन पांच जून को होगा जबकि जिला गजट में इसके आंकड़े नौ जून को प्रकाशित किये जायेंगे।

———————————————————

विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक सीट के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। इस सीट पर एक मात्र प्रत्याशी भाजपा के सूर्य कुमार शर्मा उर्फ अरविंद शर्मा ने नामांकन किया है। इस आधार पर उनका निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। आज निर्वाचन की औपचारिक घोषणा की जायेगी। गौरतलब है कि पूर्व मंत्री मंगल पांडेय के सीवान से विधायक चुने जाने के बाद यह सीट रिक्त हुई थी।

———————————————————

पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना सुबह आठ बजे से जारी है। डाक मत पत्र की गिनती के बाद ईवीएम से गणना की प्रक्रिया चल रही है। दोपहर तक शुरूआती रूझान मिलने का अनुमान है। निर्वाचन आयोग के अनुसार असम की एक सौ छब्बीस, केरलम की एक

सौ चालीस और पुद्दुचेरी की तीस सीट के लिए मतदान नौ अप्रैल को हुआ था। तमिलनाडु की दो सौ चैंतीस सीटों के लिए तेईस अप्रैल को और पश्चिम बंगाल की दो सौ निरानवे सीटों के लिए दो चरणों में तेईस और उनतीस अप्रैल को वोट डाले गए थे।

———————————————————————

इधर, पांच राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों की मतगणना भी जारी है। ये सात सीटें है गुजरात की उमरेठ, कर्नाटक में बागलकोट और दावनगेरे दक्षिण, महाराष्ट्र में राहुरी और बारामती, नागालैंड में कोरिडांग और त्रिपुरा में धर्मनगर हैं।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले दो वर्षों में मिट्टी के आठ लाख नमूनों की जांच हुई है। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में पांच लाख और वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में तीन लाख नमूनों की जांच की गयी है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में बारह पैरामीटर पर नमूनों की जांच की गयी और मिट्टी की गुणवत्ता के संबंध में किसानों को जानकारी दी गयी। साथ ही व्हाट्सएप के माध्यम से डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

———————————————————————

बिहार राजस्व सेवा के सैंतालीस अधिकारियों का निलंबन रद्द कर दिया गया है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विभाग ने बताया कि राजस्व सेवा के पदाधिकारियों ने तीस अप्रैल को मुख्य सचिव के साथ हुई वार्ता में हड़ताल वापस लेने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार ने हड़ताल के दौरान निलंबित अधिकारियों का निलंबन वापस लेने का आश्वासन दिया था। हड़ताल वापसी के बाद राजस्व अधिकारी और अंचलाधिकारी आज से काम पर लौट रहे हैं।

———————————————————————

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने उन खबरों और सोशल मीडिया पोस्ट का खंडन किया है, जिनमें कहा गया था कि आधार कार्ड का स्वरूप इस साल के अंत तक बदलकर केवल एक फोटो और एक क्यूआर कोड वाला हो जाएगा। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है।

———————————————————————

भारत ने लिपुलेख दर्रे पर नेपाल के दावे को खारिज करते हुए कहा है कि यह दर्रा वर्ष उन्नीस सौ चौवन से कैलाश मानसरोवर यात्रा का पुराना मार्ग है और इस मार्ग से दशकों से यात्रा जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस संदर्भ

में कहा कि इसे लेकर भारत का रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है और यह कोई नई बात नहीं है। श्री जायसवाल ने कहा कि ऐसे दावे न तो न्यायसंगत हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों पर आधारित हैं। प्रवक्ता ने कहा कि भारत द्विपक्षीय संबंधों के सभी मुद्दों पर नेपाल के साथ सार्थक बातचीत के लिए तत्पर है।

———————————————————————

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम आज बोधगया पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार श्री लाम महाबोधि मंदिर में दर्शन—पूजन करेंगे। इसके बाद वे वियतनाम मंदिर में भी पूजा अर्चना करेंगे। राष्ट्रपति लाम के आगमन को लेकर बोधगया और गयाजी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि वियतनामी राष्ट्रपति के परिभ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आज पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक गया हवाई अड्डा से महाबोधि मंदिर मार्ग पर सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

———————————————————————

प्रदेश की सभी पंचायतों में इस महीने की उन्नीस तारीख से प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों का भेजे निर्देश में कहा है कि शिविरों में प्रखंड, अंचल और थानों से जुड़ी शिकायतों को ऑन स्पॉट निपटारा किया जायेगा। इसका आयोजन पंचायत सरकार भवन या इसके आस—पास किसी सार्वजनिक स्थान पर होगा। विकसित भारत समृद्ध बिहार अभियान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका मकसद आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

———————————————————————

आकाशवाणी समाचार के व्हाट्सएप चैनल ने एक लाख फॉलोअर्स का आंकडा हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। इस व्हाट्सएप चैनल के माध्यम से प्रतिदिन समाचार अपडेट, ब्रेकिंग न्यूज़ और अलर्ट उपलब्ध कराये जाते हैं।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी—बारिश की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने आज अररिया, मधुबनी और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। वहीं, किशनगंज में भारी बारिश का अलर्ट है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाले विक्रमशिला सेतु के चार और पांच नम्बर पिलर के बीच का स्लैब गिर जाने के कारण आवागमन बाधित हो गया है। इस हादसे में किसी के हताहत की सूचना नहीं है। भागलपुर के एसएसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ट्रैफिक को मुंगेर और सुल्तानगंज के रास्ते डायवर्ट किया गया है। इधर, पुल निर्माण निगम के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

पटना स्थित जे.पी. गंगा पथ पर सड़क मरम्मत कार्य के कारण आज और कल यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। प्रशासन के अनुसार सड़क पर बिटुमिनस कंक्रीट कार्य को लेकर विशेष ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है। इसके चलते दो चरणों में मुख्य कैरिज –वे और कनेक्टिंग ब्रीज पर परिचालन प्रभावित रहेगा। यह व्यवस्था दोनों दिन दोपहर एक से तीन बजे तक और रात्रि दस से सुबह चार बजे तक प्रभावी रहेगी।

---

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन–ओपेक प्लस ने जून के लिए तेल उत्पादन लक्ष्य बढ़ाने पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त की है। संयुक्त अरब अमीरात के संगठन से बाहर निकलने के बाद हुई अपनी पहली वर्चुअल बैठक में ओपेक प्लस के सात देशों ने अगले महीने तेल उत्पादन लक्ष्य को लगभग एक लाख अट्ठासी हजार बैरल प्रति दिन बढ़ाने पर सहमति जताई है। यह वृद्धि मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात के ओपेक प्लस समूह से अलग होने के ऐलान के बाद आपूर्ति संतुलन बनाने के लिए की गई है।

---

प्रदेश आज बिहार प्रांत के प्रथम प्रधानमंत्री मोहम्मद युनूस की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। उनकी जयंती पर पटना के श्रीकृष्ण स्मारक भवन परिसर में राजकीय समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और अन्य गणमान्य लोग उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

---

नालंदा पुलिस ने कल स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी शुरू होने से पहले जिले के पावापुरी से सॉल्वर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मिले एडमिट कार्ड के आधार पर दो अभ्यर्थियों को भी हिरासत में लिया गया है। इस बीच, एनटीए ने इस

घटना की पुष्टि करते हुये जिला प्रशासन को मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के बेलवैया मठिया गांव के पास आज सुबह एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि सात अन्य रूप से घायल हुये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तिलक समारोह से लौटी बस से उतर रहे लोगों के तेज रफ्तार डाक पार्सल वाहन की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, बेगूसराय जिले के सदर प्रखंड के बंदुवार मोहनपुर आठवां ढाला के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के रतनपुर गांव के पास एक सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार—चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

———————————————————————

अररिया जिले के मदनपुर पश्चिम गांव में पोखर में डूब जाने से एक चार साल की बच्ची की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि खेलने के दौरान पैर फिसलने के कारण बच्ची पोखर में गिर गई।

———————————————————————

मुंगेर के पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने दो पुलिसकर्मियों को भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया। कासिम बाजार थाना में पदस्थापित एएसआई अनिकेत कुमार झा और मुफस्सिल थाना में तैनात कर्मी अभिषेक कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————

सीतामढ़ी शहर के बीच से होकर बहने वाली लखनदेई नदी की सफाई के लिए विशेष श्रमदान अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी रिची पांडेय समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों, नगर निगम कर्मियों और स्थानीय लोगों ने इसमें बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया।

———————————————————————

सारण की टीम ने बारहवीं जूनियर बिहार राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग का खिताब जीत लिया है। गया में आयोजित फाइनल मुकाबले में सारण ने पटना को पराजित किया। वहीं, बालिका वर्ग का खिताब गया ने वैशाली को पराजित कर अपने नाम किया।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पुरूष टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में कटिहार, सहरसा और बेगूसराय ने जीत दर्ज की है।

————————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये मैच में गुजरात टाइटन्स ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के दिल्ली दौरे की खबर पर लिखा है– बिहार मंत्रिमंडल विस्तार की अटकले तेज।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे आज।

दैनिक भास्कर ने दिल्ली में अगलगी की घटना पर लिखा है– एसी में ब्लास्ट से बिल्डिंग में आग, नौ की मौत।

प्रभात खबर लिखता है– दो लाख पैंतालीस हजार फर्जी तरीके से ले रहे पीएम किसान योजना का लाभ, भुगतान रूका।

राष्ट्रीय सागर पटना मेट्रो निर्माण की प्रगति पर लिखता है– मेट्रो टनल के बीस मीटर दायरे में निर्माण और बोरिंग पर रोक।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव को लेकर आज मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित करेगा। अठारह मई तक स्वीकार किये जायेंगे दावा–आपत्ति।

02. पश्चिम बंगाल, केरलम, तमिलनाडु, असम और केंद्र शासित प्रदेश पुद्दुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव की मतगणना जारी। दोपहर तक शुरूआती रूझान मिलने का अनुमान।

03. भारत ने लिपुलेख दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति खारिज करते हुये इसे अनुचित बताया।

04. और, मौसम विभाग ने आज अररिया, मधुबनी और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की। किशनगंज में भारी बारिश का अलर्ट।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।